# राजस्व लेखपाल परीक्षा प्रथम पाली

**सिरीज-C** **तिथि-13.09.2015**

# व्याख्यात्मक हल प्रश्न-पत्र

## भाग-I हिन्दी

**1. 'वह अगले साल आएगा'—इस वाक्य में कौन-सा कारक है?**

(a) अपादान कारक (b) सम्बन्ध कारक
(c) अधिकरण कारक (d) कर्म कारक

**उत्तर—(c)**

देश और काल स्वयं अधिकरण कारक होते हैं। प्रस्तुत वाक्य में समय (काल) दिया गया है। अतः अधिकरण कारक होगा।

**2. 'उदय' शब्द का विलोम शब्द छाँटिए।**

(a) लाल (b) भासित
(c) बलिष्ठ (d) अस्त

**उत्तर—(d)**

'उदय' का विलोम 'अस्त' होता है।

**3. निम्नलिखित में से किस वाक्य में भविष्य काल है?**

(a) मैं आपकी प्रतीक्षा करूँगा।
(b) मैंने एक पेड़ काट लिया।
(c) मैं पुस्तक पढ़ने वाला था।
(d) मैं आपका आभारी हूँ।

**उत्तर—(a)**

मैं आपकी प्रतीक्षा करूँगा, यह भविष्य काल वाक्य है। विकल्प (b) एवं (c) भूतकाल तथा (d) वर्तमान काल का वाक्य है।

**निर्देश- प्र. सं.** 4 और 5 में, लिखित लोकोक्तियों/मुहावरों के सही अर्थ चुनकर लिखिए।

**4. 'ऊँट के मुँह में जीरा'**

(a) बहुत अधिक खाने वाले को बहुत कम देना
(b) जानवर को दवाई देना
(c) बड़े प्राणी को सान्त्वना देना
(d) बहुत बड़े प्राणी का भोजन बनना

**उत्तर—(a)**

'ऊँट के मुँह में जीरा' लोकोक्ति का अर्थ 'बहुत अधिक खाने वाले को बहुत कम' देना होता है।

**5. 'जूते चाटना'**

(a) इधर-उधर घूमना (b) घूस देना
(c) जूतों को चमकदार बनाना (d) खुशामद करना

**उत्तर—(d)**

'जूते चाटना' मुहावरे का अर्थ 'खुशामद करना' होता है।

**निर्देश- प्र. सं.** 6 और 7 के वाक्यों में आए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

**6. माताजी को__________।**

(a) आशीर्वाद (b) शुभाकांक्षा
(c) प्रणाम (d) स्नेह

**उत्तर—(c)**

रिक्त स्थान पर 'प्रणाम' का प्रयोग उचित है।

**7. ऐसा व्यक्ति, जिसके आने का दिन और समय पहले से निश्चित नहीं होता__________कहलाता है।**

(a) अभ्यागत (b) गणमान्य
(c) अतिथि (d) असामयिक

**उत्तर—(c)**

ऐसा व्यक्ति, जिसके आने का दिन और समय पहले से निश्चित नहीं होता 'अतिथि' कहलाता है।

**8. 'स्वच्छ' शब्द का पर्यायवाची शब्द बताइए।**

(a) पंकिल (b) नीरज
(c) नीरद (d) निर्मल

**उत्तर—(d)**

'स्वच्छ' का पर्यायवाची 'निर्मल' होता है।

**निर्देश- प्र. सं.** 9 और 10 के वाक्यों में से कुछ में त्रुटियाँ हैं। त्रुटि वाले वाक्य के जिस भाग में त्रुटियाँ हों, उसके अनुरूप अक्षर (a, b, c) वाले गोले को काला करें। यदि वाक्य में कोई त्रुटि न हो, तो (d) वाले गोले को पूरी तरह काला करें।

**9. मुझे कल / दो किलो / लीची खरीदने हैं / कोई त्रुटि नहीं।**

(a) मुझे कल (b) दो किलो
(c) लीची खरीदने हैं (d) कोई त्रुटि नहीं

**उत्तर—(c)**

'लीची' स्त्रीलिंग के अंतर्गत आती है। अतः 'खरीदने' के स्थान पर 'खरीदनी' होना चाहिए।

**10. अपने-अपने किताबें / बस्ते में / डाल लो / कोई त्रुटि नहीं।**

(a) अपने-अपने किताबें (b) बस्ते में

(c) डाल लो (d) कोई त्रुटि नहीं

**उत्तर—(a)**

'किताब' स्त्रीलिंग है। अतः 'अपने-अपने' के स्थान पर 'अपनी-अपनी' होना चाहिए।

**निर्देश- प्र. सं.** 11 और 12 में, अनेकार्थी शब्द दिए गए हैं। एक अर्थ शब्द के साथ ही लिखा है, दूसरा अर्थ बताइए।

**11. 'प्रमत्त - स्वेच्छाचारी'**

(a) उन्मत्त (b) प्रपीड़ित

(c) परितप्त (d) उत्कृष्ट

**उत्तर—(a)**

'प्रमत्त' का अर्थ 'स्वेच्छाचारी' होता है। इसका एक अर्थ 'उन्मत्त' भी होता है।

**12. 'कनक - धतूरा'**

(a) प्रसाद (b) कसौटी

(c) आभूषण (d) सोना

**उत्तर—(d)**

'कनक' का अर्थ 'धतूरा' होता है, इसका एक अर्थ 'सोना' भी होता है।

**13. 'रीत्यनुसार' शब्द का संधि-विच्छेद क्या होगा?**

(a) रीति + अनुसार (b) रीत्य + अनुसार

(c) रीतु + अनुसार (d) रीत + अनुसार

**उत्तर—(a)**

'रीत्यनुसार' शब्द का संधि-विच्छेद 'रीति+अनुसार' होगा। यह यण् स्वर संधि है।

**निर्देश- प्र. सं.** 14 और 15 में, लिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।

**14.** (a) वह एक महिला विद्वान थी।

(b) वह एक विदुषी महिला थी।

(c) वह विदुषी महिला थी वह।

(d) वह एक विद्वान महिला थी।

**उत्तर—(b)**

'विद्वान' का स्त्रीलिंग 'विदुषी' होता है तथा एक महिला के साथ 'विद्वान' का प्रयोग न होकर 'विदुषी' का प्रयोग होगा। अतः विकल्प (b) सही है।

**15.** (a) वह प्रमाण सहित अपनी बात बताएगा।

(b) वह सप्रमाण के साथ अपनी बात बताएगा।

(c) वह प्रमाण के सहित अपनी बात बताएगा।

(d) वह सप्रमाण सहित अपनी बात बताएगा।

**उत्तर—(a)**

प्रस्तुत वाक्य में 'सप्रमाण के साथ 'नहीं हो सकता, प्रमाण के सहित भी ठीक नहीं है। इसी प्रकार 'सप्रमाण' प्रयुक्त होने पर 'सहित' शब्द नहीं प्रयुक्त होगा। अतः विकल्प (a) सही है।

**निर्देश- प्र. सं.** 16 और 17 में, लिखित वाक्यों के लिए एक शब्द चुनिए।

**16. 'किसी की सहायता करने वाला'**

(a) सहायक (b) सहृदय

(c) सहचर (d) सहकार

**उत्तर—(a)**

किसी की सहायता करने वाला 'सहायक' कहलाता है, जो हृदयवान हो वह 'सहृदय' कहलाता है। साथ चलने वाला 'सहचर' कहलाता है। साथ-साथ कार्य करना 'सहकार' कहलाता है।

**17. 'भला चाहने वाला'**

(a) निःस्वार्थ (b) पुण्यात्मा

(c) हितैषी (d) सहायक

**उत्तर—(c)**

भला चाहने वाला 'हितैषी' कहलाता है। बिना स्वार्थ के जो कार्य किया जाता है वह 'निःस्वार्थ' कहा जाता है। जो पवित्र आत्मा वाला होता है, उसे 'पुण्यात्मा' कहा जाता है।

**18. अँखियाँ हरि दरसन की भूखी।**
**कैसे रहें रूप रस राँची, ए बतियाँ सुनि रूखीं।**
**उपर्युक्त पंक्तियों में कौन-सा रस है?**

(a) वीर रस (b) वियोग श्रृंगार रस

(c) शान्त रस (d) संयोग श्रृंगार रस

**उत्तर—(b)**

प्रस्तुत पंक्ति में 'वियोग श्रृंगार रस' का अवबोध होता है। 'सूरसागर' से गृहीत यह पदांश है जिसमें गोपियों का विरह वर्णित है।

**19. 'विद्वान' शब्द का स्त्रीलिंग क्या होगा?**

(a) विदुषी (b) विद्वंती

(c) विद्यामती (d) विद्यावंती

**उत्तर—(a)**

'विद्वान' शब्द का स्त्रीलिंग 'विदुषी' होता है।

**20. निम्नलिखित शब्दों में से तद्भव शब्द का चयन कीजिए।**

(a) प्यास (b) प्रांगण

(c) उद्वेग (d) आश्रम

**उत्तर—(a)**

'प्यास' तद्भव शब्द है। इसका तत्सम 'पिपासा' होता है। शेष अन्य विकल्प तत्सम है।

**21. 'काली घटा का घमंड घटा'**

**उपर्युक्त पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?**

(a) यमक (b) उपमा

(c) उत्प्रेक्षा (d) रूपक

**उत्तर—(a)**

जब काव्य में एक शब्द का दो बार प्रयोग हुआ हो तथा दोनों के अर्थ भिन्न-भिन्न हों वहाँ पर यमक, अलंकार होता है। प्रयुक्त पद्यांश में 'घटा' शब्द दो बार आया है तथा प्रथम 'घटा' का तात्पर्य 'बादल' है एवं दूसरे 'घटा' का अर्थ 'कम हो जाना' है। अतः यहाँ पर यमक अलंकार है।

**22. 'चाकू' शब्द का बहुवचन क्या होगा?**

(a) चाकूएँ (b) चाकुओं

(c) चाकुओ (d) चाकू

**उत्तर—(d)**

अकारान्त, आकारान्त, इकारान्त, ईकारान्त, उकारान्त, ऊकारान्त पुल्लिंग शब्दों का एकवचन और बहुवचन रूप समान होता है। जैसे-बालक-बालक, आदमी-आदमी, कवि-कवि, साधु-साधु, चाकू-चाकू तथा मोती-मोती इत्यादि। अतः चाकू का बहुवचन 'चाकू' ही होगा।

**23. 'त्रिवेणी' शब्द में कौन-सा समास है?**

(a) कर्मधारय (b) बहुव्रीहि

(c) द्विगु (d) द्वन्द्व

**उत्तर—(c)**

जिस समास का प्रथम पद संख्यावाची हो, वहाँ द्विगु समास होता है। प्रस्तुत शब्द 'त्रिवेणी' में प्रथम पद (त्रि) संख्यावाची है। अतः इसमें द्विगु समास है।

**24. निम्नलिखित विकल्पों में से तत्सम शब्द का चयन कीजिए।**

(a) तीखा (b) अटारी

(c) निकृष्ट (d) गहरा

**उत्तर—(c)**

'निकृष्ट' शब्द तत्सम है। 'तीखा' शब्द का तत्सम 'तीक्ष्ण' होता है। अटारी का तत्सम 'अट्टालिका' तथा गहरा का तत्सम 'गंभीर' होगा।

**25. निम्नलिखित वाक्य में मोटे छपे शब्द की शुद्ध वर्तनी कौन-सी है?**

**अत्याधिक** व्यस्तता से जीवन में नीरसता आ जाती है।

(a) अत्यधिक (b) अतयाधिक

(c) अत्यधीक (d) अत्याधीक

**उत्तर—(a)**

'अत्याधिक' अशुद्ध वर्तनी है, इसका शुद्ध वर्तनी 'अत्यधिक' होगा।

## भाग-II गणित

**26. एक व्यापारी अपनी वस्तुओं पर 25% मूल्य बढ़ाकर अंकित करता है। यदि वह अंकित मूल्य पर 4% छूट देता है, तो उसका लाभ प्रतिशत कितना होगा?**

(a) 10% (b) 15%

(c) 20% (d) 25%

**उत्तर—(c)**

माना वस्तु का क्रय मूल्य = 100 रु.

तो अंकित मूल्य $= 100 \times \frac{125}{100} = 125$ रु. होगा

अब इस अंकित मूल्य पर 4% छूट देता है तो वस्तु का मूल्य होगा

$$= 125 \times \frac{96}{100}$$

$$= 5 \times \frac{96}{4} = 5 \times 24 \Rightarrow 120 \text{ रु.}$$

अतः लाभ %= 120 – 100 = 20%

**27. तीन संख्याओं का योगफल 392 है। पहली तथा दूसरी संख्या का अनुपात 2 : 3 है और दूसरी तथा तीसरी संख्या का अनुपात 5 : 8 है, तो पहली संख्या है-**

(a) 120 (b) 60

(c) 100 (d) 80

**उत्तर—(d)**

माना पहली, दूसरी एवं तीसरी संख्या क्रमशः a, b एवं c हैं

प्रश्नानुसार

$a : b = 2 : 3$

$b : c = 5 . 8$

या $a : b = 10 : 15$

$b : c = 15 : 24$

$\therefore a : b : c = 10 : 15 : 24$

आनुपातिक योग = 10 + 15 + 24 = 49

अतः पहली संख्या अर्थात संख्या (a)

$$= 392 \times \frac{10}{49}$$

$$= 8 \times 10 = 80$$

**28. चार अंकों की बड़ी-से-बड़ी संख्या जो 24, 30, 36 में से प्रत्येक से विभाजित हो, कौन-सी है?**

(a) 9360 (b) 9960

(c) 9840 (d) 9620

**उत्तर—(a)**

संख्या 24, 30 एवं 36 का ल.स.प.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | 24, | 30, | 36 |
| 2 | 12, | 15, | 18 |
| 2 | 6, | 15, | 9 |
| 3 | 3, | 15, | 9 |
| 3 | 1, | 5, | 3 |
| 5 | 1, | 5, | 1 |
| | 1, | 1, | 1 |

ल.स.प. $= 2 \times 2 \times 2 \times 3 \times 3 \times 5$

$= 8 \times 9 \times 5 \Rightarrow 360$

इस प्रकार संख्या 360 की चार अंकों की बड़ी से बड़ी गुणज संख्या अभीष्ट संख्या होगी-

अभीष्ट संख्या $= 360 \times 27 \Rightarrow 9720$ होगी

जबकि विकल्प में 9720 नहीं दिया है

अतः अभीष्ट संख्या $= 9720 - 360 \Rightarrow 9360$ होगी।

**29. यदि आंकड़ों के एक समूह के माध्य और मानक विचलन गुणांक क्रमशः 10 और 5 हैं, तो आंकड़ों के समूह का मानक विचलन होगा-**

(a) 50 (b) 5

(c) 1 (d) 10

**उत्तर—(a)**

$$\text{मानक विचलन गुणांक} = \frac{\text{मानक विचलन}}{\text{माध्य}}$$

$$5 = \frac{\text{मानक विचलन}}{10}$$

$\therefore$ मानक विचलन $= 5 \times 10 \Rightarrow 50$

**30. यदि $x^2 + \frac{1}{x^2} = 23$ हो, तो $x^4 + \frac{1}{x^4}$ का मान है-**

(a) 429 (b) 629

(c) 527 (d) 526

**उत्तर—(c)**

दिया है $x^2 + \frac{1}{x^2} = 23$ ………………(i)

समीकरण (i) का वर्ग करने पर

$$x^4 + \frac{1}{x^4} + 2.x^2.\frac{1}{x^2} = 529$$

$$x^4 + \frac{1}{x^4} + 2 = 529$$

$$\therefore x^4 + \frac{1}{x^4} = 529 - 2 \Rightarrow 527$$

**31. सुरेश तथा संदीप एक व्यवसाय में साझेदार हैं। सुरेश ने 5 माह के लिए रु. 5,000 तथा संदीप ने 6 माह के लिए रु. 6,000 व्यवसाय में लगाए। वर्ष के अंत में रु. 610 के कुल लाभ में से संदीप को कितना मिलेगा?**

(a) रु. 410 (b) रु. 380

(c) रु. 400 (d) रु. 360

**उत्तर—(d)**

सुरेश तथा संदीप के पूंजियों का अनुपात

$= (5000 \times 5) : (6000 \times 6)$

$= 25000 : 36000$

$= 25 : 36$

आनुपातिक योग $= 25 + 36 = 61$

$\therefore$ संदीप का भाग $= 610 \times \frac{36}{61}$

$= 10 \times 36 = 360$ रु.

**32. दो संख्याओं का अनुपात 3 : 5 है और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 300 है। छोटी संख्या है-**

(a) 75 (b) 60

(c) 90 (d) 45

**उत्तर—(b)**

माना दोनों संख्याएं क्रमशः 3a एवं 5a हैं तथा इनका लघुत्तम समापवर्त्य $= 3 \times 5 \times a \Rightarrow 15a$

प्रश्नानुसार

$$15a = 300$$

$$a = \frac{300}{15} \Rightarrow 20$$

अतः छोटी संख्या $= 3a$

$= 3 \times 20 \Rightarrow 60$ होगी।

**33.** $\sqrt{15612 + \sqrt{154 + \sqrt{225}}}$ **का मान है-**

(a) 115 (b) 125

(c) 99 (d) 110

**उत्तर—(b)**

$$\sqrt{15612 + \sqrt{154 + \sqrt{225}}}$$

$$= \sqrt{15612 + \sqrt{154 + 15}}$$

$$= \sqrt{15612 + \sqrt{169}}$$

$$= \sqrt{15612 + 13}$$

$$= \sqrt{15625}$$

$$= 125$$

**34.** $n, (n+1), (n+2), (n+3), (n+4), (n+5)$ **का औसत है-**

(a) $(n+2)$ (b) $3(2n+5)$

(c) $n\sqrt{2}$ (d) $\left[n + \frac{5}{2}\right]$

**उत्तर—(d)**

दी गई संख्याओं का औसत =

$$\frac{n + (n+1) + (n+2) + (n+3) + (n+4) + (n+5)}{6}$$

$$= \frac{6n + 15}{6}$$

$$= \frac{6n}{6} + \frac{15}{6}$$

$$= \left(n + \frac{5}{2}\right)$$

**35. यदि किसी भिन्न के हर में 1 जोड़ा जाता है, तो भिन्न $\frac{1}{2}$ हो जाता है। यदि भिन्न के अंश में 1 जोड़ा जाता है, तो भिन्न 1 हो जाता है। भिन्न के अंश और हर का योगफल है-**

(a) 21 (b) 5

(c) 11 (d) 14

**उत्तर—(b)**

माना भिन्न का अंश = '$x$'

तथा भिन्न का हर = 'y' हो तो

प्रश्नानुसार

$$\frac{x}{y+1} = \frac{1}{2}$$

$$2x = y + 1$$

$$2x - y = 1 \text{ .............. (i)}$$

तथा

$$\frac{x+1}{y} = 1$$

$$x + 1 = y$$

$$x - y = -1 \text{ ............(ii)}$$

समी. (i) में से समी. (ii) घटाने पर

$$x = 2$$

$x$ का मान समी. (ii) में रखने पर

$$y = 3$$

अतः भिन्न के अंश और हर का योगफल $= x + y$

$= 2 + 3 = 5$ होगा।

**36. तीन भिन्न-भिन्न पात्रों में भिन्न-भिन्न मात्राओं के दूध और जल के मिश्रण हैं, जिनकी माप 403 लीटर, 434 लीटर और 465 लीटर है। बड़े-से-बड़ा माप (लीटर में) क्या होना चाहिए। जिससे सभी भिन्न-भिन्न मात्राओं को पूर्णतया मापा जा सके?**

(a) 41 (b) 31

(c) 70 (d) 51

**उत्तर—(b)**

403, 434 एवं 465 का महत्तम समापवर्तक अभीष्ट होगा-

```
403 )434 ( 1
     403
      31) 403 (13
          403
          ×××
   31 )465 ( 15
       31
       155
       155
       ×××
```

अतः अभीष्ट मात्रा = 31 लीटर होगी।

**37. 720 मिठाइयां बच्चों में बराबर-बराबर इस प्रकार बांटी जाती हैं कि प्रत्येक बच्चे को मिली मिठाइयों की संख्या बच्चों की कुल संख्या के 20% के बराबर होती है। प्रत्येक बच्चे को कितनी मिठाइयां मिलीं ?**

(a) 11 (b) 15

(c) 12 (d) 14

**उत्तर—(c)**

माना बच्चों की संख्या = $x$ है तो प्रत्येक बच्चे को प्राप्त मिठाइयों की संख्या = $x$ का 20%

$$= x \times \frac{20}{100} = \frac{x}{5} \text{ होगी।}$$

प्रश्नानुसार

$$x \times \frac{x}{5} = 720$$

$$x^2 = 720 \times 5$$

$$x = \sqrt{3600} = 60$$

अतः प्रत्येक बच्चे को प्राप्त मिठाईयों की संख्या $= \frac{x}{5} = \frac{60}{5} = 12$ होगी।

**38. वह छोटी-से-छोटी संख्या जिसे 512 से गुणा करने पर प्राप्त गुणनफल एक पूर्ण घन हो, है-**

(a) 8 (b) 9

(c) 10 (d) 7

**उत्तर—(a)**

संख्या 512 स्वयं एक घन संख्या है अतः वह छोटी से छोटी संख्या 2 × 2 × 2 = 8 होगी जिससे गुणा करने पर प्राप्त संख्या एक पूर्ण घन हो जाएगी।

**39. 36 व्यक्ति एक कार्य को 18 दिन में पूरा कर सकते हैं। 27 व्यक्ति उसी कार्य को कितने दिन में पूरा करेंगे?**

(a) 22 (b) 12

(c) 18 (d) 24

**उत्तर—(d)**

$$M_1D_1 = M_2D_2$$

$$36 \times 18 = 27 \times D_2$$

$$\therefore D_2 = \frac{36 \times 18}{27} \Rightarrow 24 \text{ दिन}$$

**40. एक धनराशि साधारण ब्याज पर 2 वर्षों के लिए किसी निश्चित दर पर दी जाती है। यदि इसे 3% उच्चतर दर पर दिया जाता, तो रु. 300 अधिक प्राप्त होते। धनराशि है-**

(a) रु. 5,000 (b) रु. 5,400

(c) रु. 5,300 (d) रु. 5,500

**उत्तर—(a)**

माना धनराशि = $x$ तथा ब्याज की दर = r%

∴ प्रश्नानुसार

$$\frac{P \times (r+3) \times 2}{100} - \frac{P \times r \times 2}{100} = 300$$

$$\frac{Pr + 3P}{50} - \frac{Pr}{50} = 300$$

$$\frac{Pr + 3P - Pr}{50} = 300$$

$$3P = 15000$$

$$P = 5000 \text{ रुपये}$$

**41. A, B और C एक कंपनी में हिस्सेदार (अंशधारक) हैं। किसी एक वर्ष में A को लाभ का $\frac{1}{3}$ भाग मिला, B को $\frac{1}{4}$ भाग मिला, और C को रु. 5,000 मिले। तब A को कितना लाभ मिला?**

(a) रु. 1,000 (b) रु. 4,000

(c) रु. 3,000 (d) रु. 5,000

**उत्तर—(b)**

कंपनी में C का लाभ $= 1 - \left(\frac{1}{4} + \frac{1}{3}\right)$

$$= 1 - \frac{7}{12}$$

$$= \frac{5}{12} \text{ भाग}$$

∴ प्रश्न से

$$\frac{5}{12} \text{ भाग} = 5000 \text{ रुपये}$$

$$\therefore \text{कुल लाभ} = 5000 \times \frac{12}{5} \Rightarrow 12000 \text{ रुपये}$$

$$\therefore \text{A को प्राप्त लाभ} = \frac{12000}{3} \Rightarrow 4000 \text{ रुपये}$$

**42. एक समबाहु त्रिभुज की ऊंचाई क्या होगी जिसकी प्रत्येक भुजा 4 सेमी. है?**

(a) $\sqrt{3}$ सेमी. (b) $2\sqrt{3}$ सेमी.

(c) $3\sqrt{3}$ सेमी. (d) $4\sqrt{3}$ सेमी.

**उत्तर—(b)**

a भुजा वाले समबाहु त्रिभुज की ऊंचाई $= \frac{\sqrt{3}}{2}a$

$= \frac{\sqrt{3}}{2} \times 4$ (जहां a = 4 सेमी.)

$= 2\sqrt{3}$ सेमी.

**43. एक त्रिभुज की तीनों भुजाओं की लंबाइयां क्रमशः 35 सेमी., 40 सेमी. तथा 45 सेमी. हैं। त्रिभुज का क्षेत्रफल होगा लगभग-**

(a) 678.82 सेमी.$^2$ (b) 760.82 सेमी.$^2$

(c) 670.82 सेमी.$^2$ (d) 762.82 सेमी.$^2$

**उत्तर—(c)**

माना त्रिभुज की भुजा

a = 35 सेमी. b = 40 सेमी. c = 45 सेमी.

$\therefore$ $S = \frac{a+b+c}{2} = \frac{35+40+45}{2} \Rightarrow 60$ सेमी.

$\therefore$ त्रिभुज का क्षेत्रफल $= \sqrt{S(S-a)(S-b)(S-c)}$

$= \sqrt{60(60-35)(60-40)(60-45)}$

$= \sqrt{60 \times 25 \times 20 \times 15}$

$= \sqrt{1500 \times 300}$

$= 100\sqrt{45}$

= 100 × 6.7082 लगभग

= 670.82 सेमी.$^2$

**44. रघु ने 1200 किमी. यात्रा हवाई जहाज से तय की जो उसकी कुल यात्रा का $\frac{2}{5}$ भाग थी। उसने कुल यात्रा का $\frac{1}{3}$ भाग कार द्वारा तथा शेष यात्रा रेलगाड़ी द्वारा तय की। रेलगाड़ी द्वारा तय की गई यात्रा की दूरी है-**

(a) 1800 किमी. (b) 480 किमी.

(c) 1600 किमी. (d) 800 किमी.

**उत्तर—(d)**

रघु द्वारा हवाई जहाज से तय दूरी = 1200 किमी.

प्रश्न से

$\because$ कुल दूरी का $\frac{2}{5} = 1200$

$\therefore$ कुल दूरी $= 1200 \times \frac{5}{2} \Rightarrow 3000$ किमी.

$\because$ कार द्वारा तय दूरी $= \frac{3000}{3} = 1000$ किमी.

$\therefore$ रेलगाड़ी द्वारा तय की गई दूरी = 3000 – 1200 – 1000

= 3000 – 2200 ⇒ 800 किमी.

**45. एक शोधकर्ता ने निम्नलिखित प्रतिदर्श आंकड़ों को एकत्रित किया-**

5, 12, 6, 8, 5, 6, 7, 5, 12, 4, 1

**माध्यिका है-**

(a) 6 (b) 7

(c) 8 (d) 5

**उत्तर—(a)**

दिए गए आंकड़े

5, 12, 6, 8, 5, 6, 7, 5, 12, 4, 1

आंकड़ों को आरोही क्रम में लिखने पर

= 1, 4, 5, 5, 5, 6, 6, 7, 8, 12, 12

$\therefore$ माध्यिका $= \frac{n+1}{2}$ वां पद (n = पदों की संख्या)

$= \frac{11+1}{2}$ वां पद

= 6वां पद

= 6

**46. यदि एक त्रिभुज की भुजाओं का अनुपात 3 : 4 : 5 है और उसका क्षेत्रफल 216 वर्ग सेमी. है, तो त्रिभुज का परिमाप होगा-**

(a) 76 सेमी. (b) 84 सेमी.

(c) 80 सेमी. (d) 72 सेमी.

**उत्तर—(d)**

माना त्रिभुज की भुजाएं $3x$, $4x$ तथा $5x$ है।

$\because$ $(5x)^2 = (3x)^2 + (4x)^2$

$25x^2 = 9x^2 + 16x^2$

$25x^2 = 25x^2$

$\because$ त्रिभुज समकोण त्रिभुज है तथा त्रिभुज की समकोण की भुजाएं $3x$ तथा $4x$ है।

∴ समकोण त्रिभुज का क्षेत्रफल

$= \frac{1}{2} \times$ समकोण की संगत भुजाओं का गुणनफल

$= \frac{1}{2} \times 3x \times 4x$

∴ $\frac{12x^2}{2} = 216$ (प्रश्न से)

$x^2 = 216 \times \frac{2}{12}$

$x^2 = 36$

$x^2 = 6$

∴ त्रिभुज का परिमाप = त्रिभुज की भुजाओं का योग

$= 3x + 4x + 5x$

$= 12x$

$= 12 \times 6 \Rightarrow 72$ सेमी.

**47. दो संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 520 है और उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) 4 है। यदि इनमें से एक संख्या 52 हो, तो दूसरी संख्या है-**

(a) 40 (b) 42

(c) 50 (d) 52

**उत्तर—(a)**

माना दूसरी संख्या = $x$

∵ पहली संख्या × दूसरी संख्या = संख्याओं का ल.स. × म.स.

$52 \times x = 520 \times 4$

$x = 40$

अत: दूसरी संख्या = 40

**48. आंकड़ा समूह का सबसे अधिक बारंबार आने वाला मान कहलाता है-**

(a) बहुलक (b) माध्य

(c) माध्यिका (d) परिसर

**उत्तर—(a)**

आंकड़ा समूह का सबसे अधिक बारंबार आने वाला मान बहुलक कहलाता है।

**49. किसी कक्षा के 15 विद्यार्थियों की औसत आयु 15 वर्ष है। इनमें से 5 विद्यार्थियों की औसत आयु 14 वर्ष है तथा अन्य 9 विद्यार्थियों की औसत आयु 16 वर्ष है। 15वें विद्यार्थी की आयु है-**

(a) 14 वर्ष (b) 11 वर्ष

(c) $15\frac{2}{7}$ वर्ष (d) 15 वर्ष

**उत्तर—(b)**

15 विद्यार्थियों की औसत आयु = 15 वर्ष

∴ 15 विद्यार्थियों की कुल आयु = $15 \times 15 \Rightarrow 225$ वर्ष

इनमें से 5 विद्यार्थियों की कुल आयु = $5 \times 14 \Rightarrow 70$ वर्ष

तथा अन्य 9 विद्यार्थियों की कुल आयु = $9 \times 16 \Rightarrow 144$ वर्ष

∴ 15वें विद्यार्थी की आयु = $225 - (70 + 144)$

$= 225 - 214 \Rightarrow 11$ वर्ष

**50. एक समचतुर्भुज का क्षेत्रफल 500 सेमी.$^2$ है और इसके एक विकर्ण की लंबाई 25 सेमी. है। तब दूसरे विकर्ण की लंबाई होगी-**

(a) 20 सेमी. (b) 50 सेमी.

(c) 40 सेमी. (d) 30 सेमी.

**उत्तर—(c)**

माना दूसरे विकर्ण की लंबाई = $d_2$

समचतुर्भुज का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2} \times$ विकर्णों का गुणनफल

$500 = \frac{1}{2} d_1 \times d_2$ (जहां $d_1 = 25, d_2 = ?$)

$1000 = 25\, d_2$

$d_2 = \frac{1000}{25} \Rightarrow 40$ सेमी.

## भाग-III सामान्य जानकारी

**51. गांधीजी ने भारत छोड़ो आंदोलन कब शुरू किया था?**

(a) 1940 (b) 1942

(c) 1945 (d) 1946

**उत्तर—(b)**

भारत छोड़ो आंदोलन 9 अगस्त, 1942 को संपूर्ण भारत में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर प्रारंभ हुआ था।

**52. गदर क्रांति आरंभ होने का सबसे प्रमुख कारण क्या था?**

(a) प्रथम विश्व युद्ध आरंभ होना

(b) करतार सिंह सराभा को फांसी देना

(c) कोमागाता मारू घटना

(d) लाला हरदयाल की गिरफ्तारी

**उत्तर—(a)**

गदर आंदोलन की भावी राजनीति को तीन घटनाओं ने बहुत प्रभावित किया। लाल हरदयाल की गिरफ्तारी, कामागाटामारु प्रकरण और प्रथम विश्व युद्ध का आरंभ। इतिहासकार विपिन चंद्रा के अनुसार प्रथम विश्व युद्ध की शुरुआत ही वह सबसे महत्वपूर्ण घटना थी जो गदर आंदोलन आरंभ होने का कारण थी।

**53. निम्नलिखित में से कौन-सा मेरु-रज्जु का एक महत्त्वपूर्ण कार्य है?**

(a) द्रव्य स्थानांतरण
(b) श्वसन नियंत्रण
(c) प्रतिवर्ती क्रियाओं का नियंत्रण
(d) रक्त का पम्पन

**उत्तर—(c)**

मस्तिष्क का पिछला भाग लंबा होकर खोपड़ी के पश्च छोर पर उपस्थित महारंध्र से निकलकर रीढ़ की हड्डी तक फैला रहता है। इसे 'मेरु-रज्जु' कहते हैं। प्रतिवर्ती क्रियाओं का संचालन एवं नियमन करने का कार्य मेरु-रज्जु का ही है।

**54. उप-राष्ट्रपति को अपना कार्यकाल समाप्त होने से पूर्व अपने पद से हटाने का अधिकार निम्नलिखित में से किसके पास है?**

(a) राज्य सभा
(b) उच्चतम न्यायालय
(c) राष्ट्रपति
(d) लोक सभा

**उत्तर—(a)**

उप-राष्ट्रपति राज्य सभा के ऐसे संकल्प द्वारा पद से हटाया जा सकता है जिसे राज्य सभा ने बहुमत से पारित किया हो और जिससे लोक सभा सहमत हो। किंतु ऐसा कोई संकल्प तब तक प्रस्तुत नहीं किया जा सकता जब तक कि उस संकल्प को प्रस्तुत करने के आशय की सूचना कम से कम 14 दिन पूर्व न दे दी गई हो।

**55. निम्नलिखित में से किसका प्रशांतक औषध के रूप में प्रयोग किया जाता है?**

(a) ग्लूकोस
(b) ऐम्पिसिलिन
(c) ऐस्पिरिन
(d) वैलियम

**उत्तर—(d)**

ऐसे रसायन जिनका प्रयोग मानसिक तनाव कम करने तथा अवसाद दूर करने में किया जाता है, प्रशांतक कहलाते हैं। दिए गए विकल्पों में से वैलियम का प्रशांतक औषध के रूप में प्रयोग किया जाता है।

**56. मोहिनीअट्टम नृत्य रूप निम्नलिखित में से किस राज्य से संबद्ध है?**

(a) ओडिशा
(b) केरल
(c) कर्नाटक
(d) तमिलनाडु

**उत्तर—(b)**

'मोहिनीअट्टम' केरल का एक शास्त्रीय नृत्य है।

**57. राष्ट्रीय आय को प्रायः कहा जाता है—**

(a) $NDP_{MP}$
(b) $NDP_{FC}$
(c) $NNP_{MP}$
(d) $NNP_{FC}$

**उत्तर—(d)**

साधन लागत पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद ($NNP_{FC}$) को ही राष्ट्रीय आय कहते हैं।

**58. 15 मार्च, 2015 को बैडमिंटन चैंपियनशिप - स्विस ग्रैंड प्रिक्स गोल्ड का विजेता कौन था ?**

(a) के. श्रीकांत
(b) अभिमन्यु सिंह
(c) समीर वर्मा
(d) साइना नेहवाल

**उत्तर—(a)**

15 मार्च, 2015 को स्विस ग्रैंड प्रिक्स गोल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल का खिताब भारत के श्रीकांत किदांबी ने जीता था।

**59. काबिनी, हेमवती और अमरावती कौन-सी नदी की सहायक नदियां हैं?**

(a) महानदी
(b) कृष्णा
(c) कावेरी
(d) गोदावरी

**उत्तर—(c)**

काबिनी, हेमवती और अमरावती तीनों ही कावेरी नदी की सहायक नदियां हैं।

**60. 1857 के प्रथम स्वतंत्रता विद्रोह में भाग लेने वाली प्रसिद्ध महिला स्वतंत्रता सेनानी कौन थीं?**

(a) कस्तूरबा गांधी
(b) भीकाजी कामा
(c) सरोजिनी नायडू
(d) बेग़म हज़रत महल

**उत्तर—(d)**

बेग़म हज़रत महल ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया था।

**61. समान प्रावस्था में कम्पायमान, माध्यम के किन्हीं दो सबसे निकटतम कणों के बीच की दूरी ______होती है।**

(a) तरंग दैर्ध्य (b) आवृत्ति

(c) वेग (d) आयाम

**उत्तर—(a)**

किसी माध्यम के किसी कण के एक पूरा कंपन किए जाने पर तरंग जितनी दूरी तय करती है उसे 'तरंग दैर्ध्य' कहते हैं। अनुप्रस्थ तरंगों में दो पास-पास के शृंगों अथवा गर्तों के बीच की दूरी तथा अनुदैर्ध्य तरंगों में दो क्रमागत संपीडन या विरलन के बीच की दूरी 'तरंग दैर्ध्य' कहलाती है।

**62. शहरों के बाहर आर्थिक सुअवसर बनाने के लिए ______ मॉडल शहरी आधारभूत संरचना और सेवाएं ग्रामीण केंद्रों में स्थापित करने का प्रस्ताव रखता है।**

(a) महालनोबिस (b) पुरा (PURA)

(c) गांधीवादी (d) एल.पी.जी. (LPG)

**उत्तर—(b)**

ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी सुविधाओं का प्रावधान पुरा (PURA) नामक योजना ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू की गई है। पुरा योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण-शहरी अंतर को दूर करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका अवसरों एवं शहरी सुविधाओं की व्यवस्था करना है।

**63. हाल ही में किस देश ने नए Wu-14 अतिध्वनिक स्ट्राइक यान का चौथा सफल परीक्षण किया जो परमाणु अस्त्र प्रदान करने में सक्षम है?**

(a) भारत (b) चीन

(c) रूस (d) यू.एस.ए.

**उत्तर—(b)**

चीन ने जून, 2015 में Wu-14 नामक हाइपरसोनिक मिसाइल डिलीवरी व्हीकल का चौथा सफल परीक्षण किया।

**64. यांत्रिक ऊर्जा को वैद्युत ऊर्जा में रूपांतरित करने के लिए ___________का प्रयोग किया जाता है।**

(a) डायनेमो (b) माइक्रोफ़ोन

(c) विद्युत मोटर (d) बैटरी

**उत्तर—(a)**

डायनेमो यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलता है।

**65. निम्नलिखित में से कौन-से देश का संसार में धान उत्पादन में दूसरा स्थान है?**

(a) चीन (b) यू.एस.ए.

(c) रूस (d) भारत

**उत्तर—(d)**

FAO के आंकड़ों के अनुसार वर्तमान में विश्व में धान उत्पादन में भारत का दूसरा स्थान है। चीन इस दृष्टि से प्रथम स्थान पर है।

**66. 'वर्ष 2015 के सर्वोत्तम कल्याण संगठन' पुरस्कार से ________को सम्मानित किया गया।**

(a) इंडियन कम्यूनिटी वेलफेयर ऑर्गेनाइज़ेशन

(b) इंडियन रेलवे वेलफेयर ऑर्गेनाइज़ेशन

(c) स्माइल फाउंडेशन

(d) नेशनल यूनियन ऑफ सीफेयरर्स ऑफ इंडिया

**उत्तर—(d)**

नेशनल यूनियन ऑफ सीफेयरर्स ऑफ इंडिया (NUSI) को वर्ष 2015 के सर्वोत्तम कल्याण संगठन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**67. निम्नलिखित में से किसको 'लोकनायक' के रूप में जाना जाता था?**

(a) सी.एफ. एन्ड्रयूज (b) जयप्रकाश नारायण

(c) चित्तरंजन दास (d) आशुतोष मुखर्जी

**उत्तर—(b)**

जयप्रकाश नारायण भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता थे, उन्हें 'लोकनायक' के नाम से भी जाना जाता है।

**68. भारत की लगभग आधी जनसंख्या मात्र पांच राज्यों में रहती है। निम्नलिखित में से कौन-सा एक इन पांच घनी जनसंख्या वाले राज्यों में से नहीं है?**

(a) बिहार (b) पश्चिम बंगाल

(c) केरल (d) महाराष्ट्र

**उत्तर—(c)**

भारत की लगभग आधी जनसंख्या पांच राज्यों यथा-उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल तथा आंध्र प्रदेश में निवास करती है।

**69. निम्नलिखित में से कौन अवध के कृषक आंदोलन का नेता था?**

(a) बाबा राम चंद्र (b) महात्मा गांधी

(c) बी.आर. अम्बेडकर (d) अल्लूरी सीताराम राजू

**उत्तर—(a)**

अवध के कृषक आंदोलन का नेतृत्व बाबा राम चंद्र ने किया था।

**70. निम्नलिखित में से कौन वर्तमान में विश्व बैंक का अध्यक्ष है?**

(a) जिम योंग किम (b) लेविस प्रेस्टन

(c) बार्बर कोनेबल (d) पॉल वॉल्फोविट्ज

**उत्तर—(a)**

कोरियाई मूल के अमेरिकी जिम योंग किम वर्तमान में विश्व बैंक के अध्यक्ष हैं।

**71. मशरूम किसके उदाहरण हैं?**

(a) वाइरस (विषाणु) के

(b) लाइकेन (शैक) के

(c) फंजाई (कवक) के

(d) बैक्टीरिया (जीवाणु) के

**उत्तर—(c)**

मशरूम एक प्रकार का कवक है। यह एक मृतोपजीवी जीव है।

**72. दिल्ली मेट्रो को अपनी प्रथम ड्राइवर-रहित रेलगाड़ी किस देश से प्राप्त हुई थी?**

(a) रूस (b) दक्षिण कोरिया

(c) फ्रांस (d) यू.एस.ए.

**उत्तर—(b)**

दिल्ली मेट्रो को अपनी प्रथम ड्राइवर-रहित रेलगाड़ी दक्षिण कोरिया से प्राप्त हुई। इस रेलगाड़ी का निर्माण चांगवान, दक्षिण कोरिया में किया गया है।

**73. भारत में पंचायती राज स्थापित करने वाले प्रथम दो राज्य कौन-से थे?**

(a) राजस्थान और महाराष्ट्र

(b) राजस्थान और पश्चिम बंगाल

(c) राजस्थान और आंध्र प्रदेश

(d) राजस्थान और पंजाब

**उत्तर—(c)**

भारत में वर्ष 1959 में पंचायती राज स्थापित करने वाले प्रथम दो राज्य राजस्थान एवं आंध्र प्रदेश हैं।

**74. भारत ने पृथ्वी के धरातल का कितना प्रतिशत घेरा हुआ है?**

(a) 3.4 (b) 4.4

(c) 5.4 (d) 2.4

**उत्तर—(d)**

भारत ने पृथ्वी के धरातल का 2.4 प्रतिशत भाग घेरा हुआ है।

**75. अशोक के आक्रमण के दौरान कलिंग (पूर्वी प्रांत) की राजधानी कौन-सी थी?**

(a) तक्षशिला (b) पाटलीपुत्र

(c) उज्जैन (d) तोशाली

**उत्तर—(d)**

अशोक के आक्रमण के दौरान कलिंग की राजधानी तोशाली थी।

## भाग-IV ग्रामीण विकास

**76. कौन-सी उपभाषा राज्य के पश्चिमी भागों - रोहिलखंड और उपरि दोआब, में बोली जाती है?**

(a) बुंदेलखंडी (b) खड़ी बोली

(c) अवधी (d) ब्रज भाषा

**उत्तर—(b)**

खड़ी बोली राज्य के पश्चिमी भाग रोहिलखंड और उपरि दोआब में बोली जाती है। सीतापुर, लखनऊ, फैजाबाद, सुल्तानपुर, बहराइच, बाराबंकी आदि क्षेत्रों में 'अवधी' बोली जाती है। मथुरा, आगरा और अलीगढ़ जिलों में ब्रज भाषा बोली जाती है। जबकि उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश के सीमावर्ती झांसी, जालौन, हमीरपुर, बांदा, छतरपुर, सागर, ग्वालियर, सिवनी, होशंगाबाद तथा उसके निकटवर्ती भू-भाग को बुंदेलखंड कहते हैं तथा इसकी बोली को 'बुंदेलखंडी' या 'बुंदेली' कहते हैं।

**77. तहसील स्तर पर सरकारी निकायों को क्या कहा जाता है?**

(a) पंचायत समिति (b) ग्राम सभा

(c) ग्राम पंचायत (d) नगरपालिका

**उत्तर—(a)**

तहसील स्तर पर सरकारी निकायों को पंचायत समिति कहा जाता है।

**78. 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश का सबसे अधिक जनसंख्या वाला शहर कौन-सा है?**

(a) कानपुर (b) लखनऊ

(c) अलीगढ़ (d) बरेली

**उत्तर—(a)**

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, उत्तर प्रदेश का सबसे अधिक जनसंख्या वाला शहर कानपुर (2.93 मिलियन) है। इसके बाद दूसरे स्थान पर लखनऊ (2.90 मिलियन) का स्थान है।

**79. हाल ही में केंद्र सरकार को प्रस्तुत की गई सी. रंगराजन की रिपोर्ट के अनुसार, कोई व्यक्ति जो ग्रामीण क्षेत्रों में रु. ____ से अधिक खर्च करता है, उसे गरीब नहीं समझा जाएगा।**

(a) 32 (b) 43

(c) 50 (d) 26

**उत्तर—(a)**

सी. रंगराजन की रिपोर्ट के अनुसार, कोई व्यक्ति जो ग्रामीण क्षेत्र में 32 रु. से अधिक तथा शहरी क्षेत्रों में 47 रु. से अधिक खर्च करता है, उसे ग़रीब नहीं समझा जाएगा।

**80. उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित शहरों में से किससे पीतल उत्पादों का अधिकतम निर्यात किया जाता है?**

(a) मुरादाबाद (b) वाराणसी

(c) कानपुर (d) लखनऊ

**उत्तर—(a)**

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से पीतल उत्पादों का अधिकतम निर्यात किया जाता है। यह 'पीतल नगरी' के रूप में प्रसिद्ध है। इस शहर से वर्ष 2006-07 में कुल निर्यात 3200 करोड़ रु. था जबकि वर्ष 2011-12 में घटकर 1800 करोड़ रु. था।

**81. उत्तर प्रदेश कितने ज़िलों में विभाजित है?**

(a) 75 (b) 85

(c) 95 (d) 65

**उत्तर—(a)**

वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कुल 75 ज़िले हैं।

**82. अम्बेडकर विशेष रोज़गार योजना (AVRY) के अंतर्गत, परियोजना की इकाई लागत__________से कम नहीं होनी चाहिए।**

(a) रु. 60,000 (b) रु. 75,000

(c) रु. 1,00,000 (d) रु. 50,000

**उत्तर—(d)**

अम्बेडकर विशेष रोजगार योजना (AVRY) के अंतर्गत, परियोजना की औसत इकाई लागत रु. 80,000/- या इससे अधिक भी हो सकती है, परंतु रु. 50,000/- से कम नहीं होगी।

**83. __________, सुल्तानपुर ने सामाजिक वानिकी योजना की कुशल कार्यप्रणाली के लिए केंद्रीकृत डाटाबेस की समस्या का समाधान करने की पहल की है।**

(a) राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन

(b) ज़िला उद्योग केंद्र

(c) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

(d) राष्ट्रीय सूचना केंद्र (नेशनल इन्फोर्मैटिक्स सेंटर)

**उत्तर—(d)**

राष्ट्रीय सूचना केंद्र (National Informatics Centre), सुल्तानपुर ने सामाजिक वानिकी योजना की कुशल कार्यप्रणाली के लिए केंद्रीकृत डाटाबेस की समस्या का समाधान करने की पहल की है।

**84. उत्तर-मध्य रेलवे का मुख्यालय कहां स्थित है?**

(a) झांसी (b) इलाहाबाद

(c) गाज़ियाबाद (d) आगरा

**उत्तर—(b)**

उत्तर-मध्य रेलवे का मुख्यालय इलाहाबाद में स्थित है।

**85. भारत में स्थित किस शहर को विश्व का सबसे पुराना शहर माना जाता है?**

(a) कुशीनगर (b) वाराणसी

(c) आगरा (d) सारनाथ

**उत्तर—(b)**

हिंदू पौराणिक कथा के अनुसार, वाराणसी 5000 वर्ष पुराना शहर है। यह विश्व में प्राचीनतम शहर है। बुद्ध काल में वाराणसी काशी राज्य की राजधानी थी।

**86. चमड़े की वस्तुओं के लिए प्रसिद्ध ज़िले__________हैं।**

(a) आगरा और कानपुर

(b) सोनभद्र और इलाहाबाद

(c) जौनपुर और रामनगर

(d) मुरादाबाद और लखनऊ

**उत्तर—(a)**

चमड़ें की वस्तुओं के लिए प्रसिद्ध जिले आगरा और कानपुर हैं। कानपुर 'लेदर सिटी' के नाम से जाना जाता है।

**87. इंदिरा आवास योजना (IAY), जो एक केंद्र समर्थित योजना है, का राज्य सरकार के साथ लागत सहभाजन अनुपात क्या है?**

(a) 80 : 20 (b) 75 : 25

(c) 66 : 34 (d) 90 : 10

**उत्तर—(b)**

इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत वित्तपोषण पद्धति केंद्र और राज्य के बीच 75 : 25 के आधार पर है। 1 अप्रैल, 2013 से इस योजना के अंतर्गत निर्माण सहायता की अधिकतम सीमा मैदानी क्षेत्रों के लिए प्रति इकाई 70,000/- रुपये और पहाड़ी/दुर्गम क्षेत्रों के लिए 75,000/- रुपये प्रति इकाई है।

**88. भू-कृषि का रिकॉर्ड कौन-सा है?**

(a) गिरदावरी (b) पंचनामा

(c) जमाबंदी (d) खतौनी

**उत्तर—(a)**

भू-कृषि का रिकॉर्ड गिरदावरी (Girdawari) कहलाता है। (उत्तर भारत विशेषतः मध्य प्रदेश, राजस्थान के कुछ हिस्से, उत्तर प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के अधिकांश हिस्सों में) गिरदावरी एक प्रकार का फसल सर्वे है। यह वर्ष में दो बार होता है।

**89. एक बिस्सा का एक बीघा से क्या अनुपात है?**

(a) आधा (b) एक-चौथाई

(c) एक-दसवां (d) एक-बीसवां

**उत्तर—(d)**

एक बीघा में 20 बिस्सा होता है, अर्थात् एक बिस्सा = $\frac{1}{20}$ बीघा।

**90. 1 एकड़ कितने वर्ग गज़ के बराबर होता है?**

(a) 4840 (b) 2025

(c) 4425 (d) 3025

**उत्तर—(a)**

एक एकड़ में 4840 वर्ग गज़ होता है।

**91. एन.आर.ई.जी.पी. (NREGP) का पूर्ण रूप क्या है?**

(a) राष्ट्रीय ग्रामीण उद्यमिता गारंटी कार्यक्रम

(b) राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा गारंटी कार्यक्रम

(c) राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी कार्यक्रम

(d) राष्ट्रीय क्षेत्रीय रोज़गार गारंटी कार्यक्रम

**उत्तर—(c)**

एन.आर.ई.जी.पी. (NREGP) का पूर्ण रूप राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम (National Rural Employment Guarantee Programme) है।

**92. ज़िला अस्पतालों के लिए भारतीय लोक स्वास्थ्य मानकों के अनुसार, 10 लाख जनसंख्या वाले प्रत्येक ज़िले में कम-से-कम कितने बिस्तर होने चाहिए?**

(a) 195 (b) 300

(c) 350 (d) 50

**उत्तर—(b)**

जिला अस्पतालों के लिए भारतीय लोक स्वास्थ्य मानकों के अनुसार, 10 लाख जनसंख्या वाले प्रत्येक जिले में कम से कम 300 बिस्तर होने चाहिए।

**93. घरेलू व्यक्तिगत सौर जल हीटर के लिए आर्थिक सहायता योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य में क्या प्रोत्साहन दिया जाता है?**

(a) कर रियायत (b) बट्टा

(c) कर मुक्ति (d) छूट

**उत्तर—(b)**

यदि कोई उपभोक्ता 100 लीटर या अधिक का सोलर वाटर हीटर संस्थापित करता है तो उसे उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड विद्युत बिल में प्रति माह 100 रु. या वास्तविक बिल (जो दोनों में कम हो) की रियायत (Rebate) प्रदान करेगा।

**94. उत्तर प्रदेश की प्रमुख व्यावसायिक फ़सल क्या है?**

(a) गेहूं (b) गन्ना

(c) मक्का (d) चावल

**उत्तर—(b)**

गेहूं उत्तर प्रदेश की प्रमुख खाद्यान्न फसल है और गन्ना मुख्य वाणिज्यिक फसल है।

**95. एक ग्राम पंचायत में ग्राम के वार्डों से चुने हुए कितने सदस्य होते हैं, जिन्हें 'पंच' कहा जाता है?**

(a) 5 से 20 (b) 7 से 17

(c) 10 से 20 (d) 5 से 9

**उत्तर—(b)**

एक ग्राम पंचायत में ग्राम के वार्डों से चुने हुए 7 से 17 सदस्य होते हैं, जिन्हें 'पंच' कहा जाता है।

**96. उत्तर प्रदेश के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति____________करता है।**

(a) प्रधानमंत्री

(b) भारत का राष्ट्रपति

(c) सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

(d) राज्यपाल

**उत्तर—(b)**

किसी भी प्रदेश के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति भारत का राष्ट्रपति करता है। वह भारत के मुख्य न्यायाधीश और संबंधित राज्य के राज्यपाल से परामर्श के बाद करता है।

**97. उत्तर प्रदेश में एक वर्ष में न्यूनतम कितनी ग्राम सभा की बैठक (मीटिंग) होनी चाहिए?**

(a) 3 (b) 4

(c) 6 (d) 2

**उत्तर—(d)**

प्रत्येक ग्राम सभा की प्रतिवर्ष दो सामान्य बैठकें होंगी। पहली-खरीफ की बैठक जो खरीफ की फसल कटने के तुरंत बाद आहूत होगी। दूसरी-रबी की बैठक जो रबी की फसल कटने के तुरंत बाद संपन्न होगी।

**98. एक व्यक्ति के लिए पंचायत का सदस्य बनने की न्यूनतम आयु सीमा कितनी है?**

(a) 21 वर्ष (b) 25 वर्ष

(c) 35 वर्ष (d) 18 वर्ष

**उत्तर—(a)**

एक व्यक्ति के लिए पंचायत का सदस्य बनने की न्यूनतम आयु 21 वर्ष है।

**99. मध्याह्न भोजन कार्यक्रम के अंतर्गत, विद्यालय स्तर पर बच्चों के न्यूनभार की प्रतिशतता का आकलन किस आवृत्ति पर किया जाना चाहिए?**

(a) अर्धवार्षिक (b) त्रैमासिक

(c) वार्षिक (d) मासिक

**उत्तर—(a)**

विभिन्न स्थितियों की निगरानी की आवृत्ति इस प्रकार है—

**कार्यक्रम एवं प्रभाव मानदंडों की निगरानी**

| क्र. सं. | कार्यक्रम मानदंड | निगरानी की आवृत्ति |
|---|---|---|
| 1. | बच्चों को परोसे गये मिड डे मील की नियमितता एवं पौष्टिकता | दैनिक |
| 2. | सामाजिक एवं लिंग समानता का प्रोत्साहन | दैनिक |
| 3. | मिड डे मील पकाने, परोसने व उपभोग करने में स्वच्छता | दैनिक |
| 4. | उत्तम गुणवत्ता के ईंधन, सामग्री इत्यादि की समयबद्ध संरक्षा | साप्ताहिक |
| 5. | विविध व्यंजनों का क्रियान्वयन | पाक्षिक/मासिक |
| 6. | मिड डे मील की संपूर्ण गुणवत्ता | प्रत्येक माह कुछ विशेष जांचों का लक्ष्य |
| | **प्रभाव मानदंड** | |
| 1. | विद्यालय स्तर पर बच्चों के न्यूनभार की प्रतिशतता | अर्धवार्षिक |
| 2. | उपस्थिति की स्थिति | त्रैमासिक |
| 3. | कार्य अपूर्णता/पूर्णता की स्थिति | वार्षिक |
| 4. | उपर्युक्त मदों 1 से 3 के संबंध में प्रत्येक का नमूना अध्ययन/पोषण संबंधी अध्ययन में दिशा-निर्देशों में दी गयी विभिन्न न्यूनताएं मुख्यतः न्यूनभार एवं रक्ताल्पता की स्थितियां शामिल होगी। | वार्षिक |

**100. एम.जी.एन.आर.ई.जी.ए. (MGNREGA) के अन्तर्गत सामग्री संघटक के मामले में, केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा किए गए निधिकरण का अनुपात______________होता है।**

(a) 100 : 0 (b) 50 : 50

(c) 25 : 75 (d) 75 : 25

**उत्तर—(d)**

एम.जी.एन.आर.ई.जी.ए. (MGNREGA) के अंतर्गत सामग्री संघटक के मामले में, केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा किए गए निधिकरण का अनुपात 75 : 25 होता है।